# कार्यालय मुख्य विकास अधिकारी, लखनऊ।

पत्रांक : 560 / w.30 / 223 दिनांक : 22/6/2026

## दिनाँक 18.06.2026 को आयोजित जिला पेयजल एवं स्वच्छता मिशन की बैठक का कार्यवृत्त

जल जीवन मिशन 'हर घर जल' कार्यक्रम के अन्तर्गत जनपद लखनऊ के ग्रामीण क्षेत्रों की पाइप पेयजल योजनाओं के कार्यो की प्रगति हेतु दिनांक 18.06.2026 को विकास भवन, लखनऊ मे अधोहस्ताक्षरी की अध्यक्षता मे आहूत बैठक में निम्नलिखित अधिकारियों / फर्म प्रतिनिधियों द्वारा प्रतिभाग किया गया :-

1. श्री आलोक दत्त उपाध्याय, जिला विकास अधिकारी, लखनऊ।
2. श्री ए0के0 त्रिपाठी, अधिशासी अभियन्ता, खण्ड कार्यालय, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), लखनऊ।
3. श्री आदर्श कुमार, जिला पंचायत राज अधिकारी, लखनऊ।
4. श्री अभिलाष सिंह, कृषि विभाग, लखनऊ।
5. श्री दिवाकर प्रताप सिंह, सीनियर असिस्टेन्ट, जिला कृषि अधिकारी, लखनऊ।
6. श्री सुरेन्द्र प्रताप सिंह, सहायक अभियन्ता, खण्ड कार्यालय, उ0प्र0 जल निगम(ग्रामीण), लखनऊ।
7. श्री अमित वर्मा, सहायक अभियन्ता, खण्ड कार्यालय, उ0प्र0 जल निगम(ग्रामीण), लखनऊ।
8. श्री विवेक सिंह, सहायक अभियन्ता, खण्ड कार्यालय, उ0प्र0 जल निगम(ग्रामीण), लखनऊ।
9. श्री अंकित यादव, सहायक अभियन्ता, नलकूप विभाग, लखनऊ।
10. श्री शिवशंकर कनौजिया, जूनियर इंजीनियर, खण्ड कार्यालय, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), लखनऊ।
11. श्री रोहित यादव, जूनियर इंजीनियर, खण्ड कार्यालय, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), लखनऊ।
12. डा0 हरपाल सिंह, जिला समन्वयक, डी0पी0एम0यू0, लखनऊ।
13. श्री सुमित भटनागर, सी0बी0 एण्ड टी0, डी0पी0एम0यू0, लखनऊ।
14. श्री रामा राजू, एस0पी0एम0, मै0 एन0सी0सी0लि0, लखनऊ।
15. श्री विनोद कुमार, डी0पी0एम0, मै0 एन0सी0सी0लि0, लखनऊ।
16. श्री राहुल कुमार, मै0 एन0सी0सी0लि0, लखनऊ।
17. श्री सिद्वान्त राय अग्रवाल, प्रोजेक्ट मैनेजर, मै0 विंध्या टेलीलिंक, लि0, लखनऊ।
18. श्री देवेन्द्र कुमार, डी0पी0एम0, मै0 विंध्या टेलीलिंक, लि0, लखनऊ।
19. श्री अमित कुमार अग्रवाल, स्टेट हैड, मै0 बी0एल0जी0 लि0, लखनऊ।
20. श्री शोभित भदोरिया, डी0टी0एल0, टी0पी0आई0, मै0 सी0एस0 टेक लि0, लखनऊ।
21. श्री मीराज, टी0एल0, टी0पी0आई0, मै0 बी0एल0जी0 लि0, लखनऊ।
22. श्री यश प्रताप, क्यू0ए0क्यू0सी0, टी0पी0आई0, मै0 सी0एस0 टेक लि0, लखनऊ।

**समीक्षा बैठक का कार्यवृत्त निम्नानुसार हैं-**

- समीक्षा बैठक में अधिशासी अभियन्ता, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), लखनऊ द्वारा अवगत कराया गया कि जल जीवन मिशन के प्रारम्भ होने से पूर्व जनपद में कुल 23 नग पेयजल योजनाएं बनायी गयी, जिनमें 33 नग राजस्व ग्राम सम्मिलित है एवं 03 नग पेयजल योजनाओं पर आगाखॉन फाउण्डेशन द्वारा कार्य कराया गया है, जिसमें 4 नग राजस्व ग्राम सम्मिलित है, इस प्रकार कुल 26 नग पेयजल योजनाएं पूर्व से निर्मित है, जिनमें कुल 37 नग राजस्व ग्राम सम्मिलित है। सम्पूर्ण जनपद को संतृप्त करने के उद्देश्य से वर्तमान में जल जीवन मिशन के अन्तर्गत कुल 376 नग पेयजल योजनाओं के निर्माण कार्य प्रगति पर है, जिनमें 669 नग राजस्व ग्राम सम्मिलित है, पेयजल योजनाओं में 442 नग नलकूप, 442 नग पम्प हाउस, 442 नग बाउण्ड्रीवॉल, 442 नग सोलर प्लान्ट, 381 नग शिरोपरि जलाशय, 4940 कि0मी0 वितरण प्रणाली एवं 229677 नग पेयजल गृह संयोजन के कार्य प्रस्तावित है, जिसके सापेक्ष 436 नग नलकूप, 434 नग पम्प हाउस, 436 नग बाउण्ड्रीवॉल, 434 नग सोलर प्लान्ट, 189 नग शिरोपरि जलाशय, 4842 कि0मी0 वितरण प्रणाली एवं 225314 नग

पेयजल गृह संयोजन के कार्य पूर्ण कर लिए गए है, शेष कार्य प्रगति पर है। जनपद में कुल 669 नग राजस्व ग्रामों के सापेक्ष 628 नग राजस्व ग्रामों में नियमित क्लोरीनयुक्त स्वच्छ पेयजलापूर्ति की जा रही है। 584 नग राजस्व ग्रामों में सड़क पुर्नस्थापना का कार्य शतप्रतिशत पूर्ण कर लिया गया है। 253 नग राजस्व ग्रामों को हर घर जल सर्टिफाइड कर लिया गया है एवं 140 नग पेयजल योजनाओं को संचालन एवं अनुरक्षण में ले जाया जा चुका है। बैठक में अधिशासी अभियन्ता को निर्देशित किया गया कि जिन ग्रामों में जलापूर्ति प्रारम्भ हो गयी है, उनमें बिना किसी बाधा के निरन्तर क्लोरीनयुक्त जलापूर्ति सुनिश्चित की जाए। पाइप लाइन व पेयजल गृह संयोजन किए जाने हेतु खोदी गयी सड़को के पुर्नस्थापना कार्य की सूचना प्रत्येक माह मा0 विधायकगणों को उपलब्ध कराते हुए उनसे सड़क से सम्बन्धित व अन्य शिकायतों कों प्राप्त कर ससमय गुणवत्तापूर्वक निस्तारण कराना सुनिश्चित करें तथा निस्तारण की भी कार्यवाही से मा0 विधायकगणों को अवगत कराए।

- अधिशासी अभियन्ता द्वारा अवगत कराया गया कि ग्रामीण पाइप पेयजल योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन एवं कुशल संचालन एवं अनुरक्षण में तकनीकी सहायता उपलब्ध कराने के उद्देश्य से जनपद स्तर पर जिला तकनीकी इकाई (DTU) का गठन किया जा चुका है।
- अधिशासी अभियन्ता द्वारा अवगत कराया गया कि ग्रामीण पाइप पेयजल योजनाओं पर निर्मित किए गए नलकूप के स्रोत की स्थिरता सुनिश्चित किए जाने हेतु कार्ययोजना बनाकर सम्पूर्ण जनपद का Source Sustainability Plan खण्ड कार्यालय (सिविल) एवं (वि0यॉ0) द्वारा संयुक्त रूप से वृहद अध्ययन कर तैयार किया गया, जिसमें जनपद लखनऊ के ग्रामीण क्षेत्रों की पेयजल योजनाओं में स्थापित सभी Source Sustainable पाये गये, जिसका अनुमोदन जिला पेयजल एवं स्वच्छता मिशन द्वारा पूर्व में प्रदान किया जा चुका है।
- अधिशासी अभियन्ता द्वारा अवगत कराया गया कि जल जीवन मिशन के अन्तर्गत हर घर जल सर्टिफाइड ग्रामों का E-gramswaraj पोर्टल पर ग्राम पंचायत सचिव की लॉगिन आई0डी0 से जल सेवा आकलन किया जाना है, जिसके क्रम में जनपद लखनऊ में निर्धारित लक्ष्यों के सापेक्ष शतप्रतिशत ग्रामों में जल सेवा आकलन किया जा चुका है।
- अधिशासी अभियन्ता द्वारा अवगत कराया गया ग्राम पंचायत सचिव की लॉगिंन आई0डी0 से जल सेवा आकलन किया गया है, जिसमें कुछ पेयजल योजनाओं पर कमियॉ अंकित की गयी। जिसके क्रम में जल सेवा आकलन के तहत दर्शायी गयी कमियों पर D.I.P (District Improvement Plan) के माध्यम से सुधारात्मक कार्यवाही प्रस्तावित कर ली गयी है, जिसे निर्धारित समयावधि में पूर्ण करा लिया जाएगा। जिला पेयजल एवं स्वच्छता मिशन द्वारा सुधारात्मक कार्यवाही पर अनुमोदन प्रदान किया गया।
- अधिशासी अभियन्ता द्वारा अवगत कराया गया कि जल जीवन मिशन के अन्तर्गत जनपद में कुल 198 नग एकल ग्राम पेयजल योजनाओं एवं 204 नग बहुल ग्राम पेयजल योजनाओं की RPWSS ID JJM 2.0 पोर्टल पर बनाई जानी है, जिसके सापेक्ष वर्तमान तक शतप्रतिशत RPWSS ID JJM 2.0 पोर्टल पर बनायी जा चुकी है।
- अधिशासी अभियन्ता द्वारा अवगत कराया गया कि विकासखण्ड–गोसाईगंज की 04 नग पेयजल योजनाएं एवं विकासखण्ड–मलिहाबाद की 01 नग पेयजल योजना पर द्वितीय नलकूप हेतु 20मी0X20मी0 की भूमि उपलब्ध कराया जाना शेष है। विकासखण्ड–गोसाईगंज की 01 नग पेयजल योजना पर 02 बार बोरिंग करने के उपरान्त भी नलकूप सफल नही हो सका, जिसके लिए 30मी0X40मी0 की भूमि उपलब्ध कराया जाना शेष है एवं विकासखण्ड–काकोरी की 01 नग पेयजल योजना पर बोरिंग का कार्य पूर्ण हो गया है, परन्तु उक्त भूमि पर ग्रामवासियों द्वारा खेल का मैदान बताकर कार्य करने में बाधा उत्पन्न की जा रही है। जिसके क्रम मे अधिशासी अभियन्ता एवं फर्म के प्रतिनिधि को निर्देश दिए गए कि सम्बन्धित उपजिलाधिकारी से अन्य दूसरी भूमि प्राप्त कर तथा विवाद का निस्तारण कराते हुए नये ट्यूबवेल की बोरिंग का कार्य पूर्ण कर योजना को पूर्ण कराना सुनिश्चित किया जाए।
- अधिशासी अभियन्ता द्वारा अवगत कराया गया कि 09 नग पेयजल योजनाएं ग्राम पंचायत समूह पेयजल योजनाएं है, जिनमे एक ग्राम पंचायत में जलकल परिसर का निर्माण करते हुए, उनमें सम्मिलित समस्त ग्राम पंचायतों एवं मजरों मे जलापूर्ति किए जाने का प्राविधान है। जिन ग्राम पंचायतों में अवर जलाशय नही बनाया गया है वहॉ के प्रधान/ग्रामवासियों द्वारा अपने ग्राम मे अलग से शिरोपरि जलाशय बनाने की मांग करते हुए पाइपलाइन एवं तत्सम्बन्धित कार्य प्रारम्भ नही करने

दिये जा रहे हैं, जिस कारण पेयजल के समस्त कार्यों को पूर्ण करने मे कठिनाई हो रही है। अधोहस्तक्षरी द्वारा निर्देशित किया गया कि जिला विकास अधिकारी के माध्यम से जिला पंचायत राज अधिकारी व सम्बन्धित ग्राम प्रधानों से समन्वय स्थापित करते हुए समस्या का निराकरण करायें।

- अधिशासी अभियन्ता द्वारा अवगत कराया गया कि जनपद लखनऊ में वर्तमान तक 52 नग पेयजल योजनाओं मे सोलर केबिल चोरी होने एवं सोलर पैनल क्षतिग्रस्त कर दिए जाने के फलस्वरूप 54 नग ग्राम पंचायतों मे जलापूर्ति बाधित हो गयी थी, जिसे फर्म द्वारा नयी केबिल लगाकर एवं क्षतिग्रस्त सोलर पैनल को बदलते हुए योजनाओं को पुनः क्रियाशील कर दिया गया है।। उक्त समस्त योजनाओं पर हुई चोरी की वारदात की एफ0आई0आर0 सम्बन्धित थानों मे करायी गयी, जिसपर वर्तमान तक कोई कार्यवाही नही हुई है एवं चोरी की वारदाते लगातार हो रही हैं। जिसके क्रम में अधोहस्ताक्षरी द्वारा सुझाव दिया गया कि समस्त पेयजल योजनाओं के परिसर पर फर्म द्वारा सी0सी0 टी0वी0 कैमरा लगाकर जलकल परिसर को सुरक्षित किया जाये।
- अधिशासी अभियन्ता द्वारा अवगत कराया गया कि जल निगम की पूर्व निर्मित 23 नग पेयजल योजनाएं, जिनमें कुल 33 नग राजस्व ग्राम सम्मिलित है का संचालन एवं अनुरक्षण (10 वर्षों हेतु) कार्य हेतु नामित फर्म मै0 विंध्या टेलीलिंक लि0, लखनऊ है, जिसके द्वारा संचालन एवं अनुरक्षण का कार्य किया जा रहा है। वर्तमान में 02 नग पेयजल योजनाएं पूर्ण रूप से संचालित, 20 नग पेयजल योजनाएं आंशिक रूप से संचालित एवं 01 नग पेयजल योजना बन्द श्रेणी में है। अधोहस्ताक्षरी द्वारा निर्देशित किया गया कि उपरोक्त क्रियाशील समस्त पेयजल योजनाओं पर यथासम्भव नियमित रूप से जलापूर्ति करना सुनिश्चित करें।

अधोहस्ताक्षरी द्वारा यह भी निर्देशित किया गया कि ग्रीष्म ऋतु के दृष्टिगत समस्त पेयजल योजनाओं से नियमित क्लोरीनयुक्त जलापूर्ति तथा किसी भी समस्या की स्थिति में तत्काल उसका निराकरण करना सुनिश्चित करें।

(प्रफुल्ल कुमार शर्मा)
मुख्य विकास अधिकारी
लखनऊ।

पृ0सं0 एवं दिनांक उपरोक्तानुसार।

**प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः—**

1. जिलाधिकारी महोदय, लखनऊ को सादर अवलोकनार्थ प्रेषित।
2. जिला विकास अधिकारी, लखनऊ।
3. अधिशासी अभियन्ता, खण्ड कार्यालय, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), लखनऊ।
4. जिला पंचायत राज अधिकारी, लखनऊ।
5. मै0 एन0सी0सी0लि0, लखनऊ।
6. टी0पी0आई0, मै0 सेन्सिस टेक लि0, लखनऊ।
7. डी0सी0, डी0पी0एम0यू0, लखनऊ।

20/06

मुख्य विकास अधिकारी
लखनऊ।